तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **देवेन्द्र सिंह बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़)** सू.अ.अपील संख्या 08/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.02.22	अपीलार्थी देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बोरून्दा, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 07.12.2021 में उसके द्वारा (1) उसके दादा बजरंग सिंह पुत्र उदय सिंह जाति राजपूत, गांव बोरून्दा पटवार कार्यशाला के क्षेत्राधिकार में कुल जमीन व कहा कहा पर स्थित है, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.10 17:14:17 IST
Reason: SelfAttested